सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel


सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 215 इंदौर, बुधवार 14 फरवरी, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




आप सभी को
वसंत पंचमी की
हार्दिक शुभकामनाएं



# पुलिस ने किसान नेताओं को थाने पर बैठाया

## दिल्ली कूच से जुड़े कई नेता घर से लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिल्ली की ओर बढ़ रहे किसान आंदोलन 2.0 को लेकर इंदौर पुलिस भी सक्रिय है। चार किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक बड़े नेता को जेल भेजा जा चुका है। कई नेताओं को नजरबंद कर रखा है। कुछ नेताओं को थाने पर बैठाया है। एक्शन पता चलते ही आसपास के नेता घरों से गायब हो गए।**

आंदोलन दिल्ली में 13 फरवरी को है, जिसमें वे भाग लेना चाह रहे थे। इंदौर पुलिस दो दिन से छापामारी कर रही है। यह भी जानकारी मिली थी कि 16 फरवरी को किसान इस मुद्दे पर हड़ताल करने की तैयारी में हैं। इनमें संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता और सदस्य शामिल हैं।

सांवेर पुलिस ने सबसे पहले सोमवार दोपहर में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता और भारतीय किसान मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव को नजरबंद किया। शाम होते-होते उन्हें एसडीएम के यहां पेश कर जेल भेज दिया। इसके अलावा सोमवार देर रात अन्नपूर्णा पुलिस ने किसान नेता रामस्वरूप मंत्री को भी पकड़ा है।

राजेश हिंगणकर (डीआईजी ग्रामीण) ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से अभी तक तीन किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। इनमें सोमवार दोपहर को सांवेर से बबलू जाधव, मजदूर संघ के नेता राजकुमार पाटीदार और बल्लूसिंह को देर रात अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार किया। एक अन्य को शहर से गिरफ्तार किया है।

उधर, शहरी क्षेत्र उषा नगर से रामस्वरूप मंत्री को पकड़ा गया है। इनके सहित अब तक चार किसान नेताओं को पकड़ा गया है।

पुलिसकर्मियों ने प्रदेशाध्यक्ष जाधव के घर जाकर कहा था कि टीआई साहब ने कुछ चर्चा के लिए बुलाया है। ऐसा कहकर वे उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले गए। जब रात तक नहीं लौटे तो किसान साथियों ने जानकारी निकाली। पता चला कि उन्हें थाने में बैठाया गया है। बाद में एसडीएम कोर्ट में पेश कर सांवेर जेल भेज दिया गया। इससे मंगलवार को किसानों में भारी आक्रोश दिखा।

### नेताओं ने बंद किए अपने मोबाइल, घर से निकल गए

इस बीच सभी किसान नेताओं ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। घर से बाहर हैं। बताया जाता है अभी तक अलग-अलग जिलों से गिरफ्तार डेढ़ सौ किसानों को लेकर इंदौर में भी अंदरुनी विरोध चल रहा है। ये सभी किसान आंदोलन में की जा रही मांगों के समर्थन में हैं।

# आत्मकल्याण आउटसोर्स नहीं कर सकते : आचार्य श्री विजयराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर शहर में पधारे श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज का अपने शिष्य मंडल के साथ रेस कोर्स क्षेत्र में बिराजमान हैं। बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा को संदेश देते हुए आचार्य श्री ने फरमाया की मनुष्य सांसारिक काम के लिए नौकर चाकर, एजेंसी आदि रख सकता है। किंतु आत्मकल्याण का काम उसे स्वयं ही करना है। आत्म कल्याण का कार्य आउटसोर्स नहीं किया जा सकता। उपदेश और सीख देने वाले उसे मिल सकते हैं, पर साधना उसे स्वयं ही करनी होगी।**

जन्म को सिद्ध बनाने की शक्ति संयम साधना में ही है। संयम जीवन जीने से इच्छाएं सीमित होती है और सुख की प्राप्ति होती है। सांसारिक प्रसिद्धि तो मनुष्य कई माध्यमो से प्राप्त कर सकता है, परंतु एक सच्चे साधक का लक्ष्य सिद्धि की प्राप्ति होता है। सांसारिक प्रसिद्धि की होड़ में लगने वाला व्यक्ति भटक जाता है।

सभा के उपस्थित जैन दीक्षा लेने जा रहे चारों युवाओं युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी कॉंकरिया, मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा को आशीर्वाद देते हुए आचार्य श्री ने फरमाया कि धर्म के प्रति यदि दिल से श्रद्धा होगी तो युवा सांसारिक मार्ग से धर्म के मार्ग की और अग्रसर होगा। सांसारिक जीवन मे तो कर्म बंधन होते हैं, कर्म को काटने के लिए साधु जीवन ही श्रेष्ठ है। सभा को उपाध्याय जितेश मुनि ने भी धर्म संदेश दिया। सभा का संचालन श्री बादल चोरडिया ने किया।

शांतक्रान्ति जैन संघ के मंत्री सुशिल भंडारी एवं दीक्षा समिति के संयोजक श्री संजीव लोढा ने बताया कि 18 फरवरी तक आचार्य श्री के प्रवचन नियमित रूप से प्रातः 9.15 बजे से बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में होंगे। आचार्य जी के सानिध्य में दिनांक 18 फ़रवरी को बास्केटबॉल काम्प्लेक्स मे 4 युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी कॉंकरिया, मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा की भगवती जैन दीक्षा संभावित है। जहाँ ये चार युवा 4 मुमुक्षु सांसारिक मार्ग को त्याग कर भगवान महावीर के बताये हुए वैराग्य मार्ग पर अग्रसित होंगे। शांतक्रान्ति संघ द्वारा 14 फरवरी से 18 फरवरी तक पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वरघोड़ा, मेहंदी, भक्ति संध्या आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# क्लाथ मार्केट- 16 को बुलाई चुनाव समिति ने बैठक

### पदाधिकारियों के नामों पर सहमति नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महाराजा तुकोजीराव होलकर क्लाथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन में दूसरी बार मतदान की नौबत आ सकती है।16 फरवरी को चुनाव समिति ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का ऐलान किया है। इससे पहले 7 फरवरी को ही कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मतदान हुआ था और 8 फरवरी को मतगणना के बाद परिणाम घोषित हुआ था। 16 फरवरी को बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों से पदाधिकारी चुनने पर चर्चा की जाएगी। शहर की सबसे धनी व्यापारी संस्था मानी जाने वाली क्लाथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन ने चुनाव के बाद 21 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं। अब इन सदस्यों में से छह पदाधिकारियों का चुनाव होना है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ दो संयुक्त मंत्री इन्हीं 21 कार्यकारिणी सदस्यों में से चुने जाना है। चुनाव समिति की 16 फरवरी को हो रही बैठक में पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से नाम निर्वाचित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। हालांकि फिलहाल संभावना कम है कि सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव हो सकता है। दरअसल कार्यकारिणी में चुने गए सदस्यों में दो गुट नजर आ रहे हैं। ऐसे में पदों को लेकर मतभेद हो सकते हैं। सर्वसम्मति नहीं बनी तो बाजार में चुनाव का दूसरा दौर होगा। इस बार बाजार के सभी व्यापारी सदस्य छह पदों पर पदाधिकारियों को नियुक्त करने के लिए वोट डालेंगे। माना जा रहा है कि निवृतमान अध्यक्ष हंसराज जैन व मंत्री कैलाश मूंगड़ के साथ तीसरा गुट भी पदों के लिए दावेदारी कर सकता है।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# कलेक्टर कार्यालय में कर्मचारी और आमजन के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

### बड़ी संख्या में काम से आने वाले लोगों ने लिया स्वस्थ्य लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कलेक्टर कार्यालय में कर्मचारियों और आमजन के लिए स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दिनभर चले शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में निश्शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया।**

एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज हॉस्पीटल तथा मॉडर्न डेंटल कॉलेज द्वारा जिला पंजीयक अभिभाषक व्यवस्थापन समिति के तत्वाधान में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में लोक सेवा केंद्र के पास में निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में आमजनों ने भी स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। शिविर में निश्शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया।

शिविर का उदघाटन वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेन्द्र नायडू और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुनील मेहता द्वारा किया गया। शिविर में जनरल जांच, आंख, नाक, कान, गला विशेषज्ञ, हड्डी रोग, महिला समस्या आदि पर परामर्श सेवा दी गई। इस अवसर पर अधिवक्ता विनोद द्विवेदी, उमंग बंसल, अस्पताल प्रशासक डॉ. मोनिका सोना आदि विशेष रूप से मौजूद थे। वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेन्द्र नायडू ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर से काम मे उलझे रहने वाले कर्मचारियों को कार्यस्थल पर ही स्वस्थ्य जांच का अवसर उपलब्ध हो सका।

### आमजन ने भी लिया स्वस्थ्य लाभ

लोक सेवा केंद्र के पास में लगाए गए शिविर में कलेक्टर कार्यालय में काम से आने वाले आमजन ने भी स्वास्थ लाभ लिया। सैंकड़ों लोगों ने काम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निश्शुल्क दवाइयां भी प्राप्त की। कर्मचारियों को भी जरूरत के अनुसार दवाइयां वितरित की गई।

# इंदौर के स्टूडेंट को मिला 1 करोड़ रुपए का पैकेज

**इंदौर।** आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) इंदौर के एक विद्यार्थी को अब तक का हाईएस्ट एक करोड़ का पैकेज मिला है। आईआईएम इंदौर की 2024 की प्लेसमेंट रिपोर्ट में इस बार दो वर्षीय पीजीपी (पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम) एवं पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में कुल 594 छात्रों को जॉब ऑफर हुई है। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने कहा कि आईआईएम इंदौर ने 50 से अधिक नई प्लेसमेंट कपंनियों के साथ संबंध बनाए हैं। इनमें एक्सेंचर ऑपरेशंस, एयरटेल, बजाज कंज्यूमर केयर, सीएएमएस, डेटालिंक, ईएसएएफ बैंक, गोदरेज एंड बॉयस, एचसीएल सॉफ्टवेयर, एचडीएफसी लाइफ, हीरो फ्यूचर एनर्जीज, इंडस इनसाइट्स, इंडसइंड बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, माइंडस्प्रिंट, नवी, ओला इलेक्ट्रिक, सियर्स, एसबीआई सिक्योरिटीज, सूत्र मैनेजमेंट कंसल्टिंग, सुजलॉन ग्रुप, थॉटफोकस, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, अनएकेडमी, ज़िनोव और ज़िकस, शामिल हैं।

# एचएसआरपी नहीं लगाने पर वाहनों पर की गई कार्रवाई, वसूला जुर्माना

## परिवहन विभाग ने लोकपरिवहन वाहनों की जांच का चलाया अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परिवहन विभाग द्वारा लोक परिवहन वाहनों की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। जांच में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई और जुर्माना वसूला गया। सभी वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद भी लाखों वाहनों में एचएसआरपी अब तक नहीं लगाई जा सकी हैं।**

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा इंदौर में एचएसआरपी नहीं लगी होने पर चालानी कार्यवाही की जा रही हैं। इसके तहत सोमवार को 15 वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं पाई गई, जिनपर जुर्माना लगाया गया। साथ ही अन्य वाहनों पर भी मध्य प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम और मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। वाहनों के फिटनेश, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किए जा रहे हैं।

बसों में ओवर-लोडिंग, अधिक किराया की जांच की जा रही है। यात्रियों से वाहन की स्पीड,चालक-परिचालक के व्यवहार के सम्बंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। यात्री वाहनों पर परमिट कुल 70 वाहनों को चेक किया गया। नियम पूरे नहीं होने पर जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग ने एक अप्रैल 2019 से पहले के वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य किया है। इसके लिए 15 जनवरी तक कि समय सीमा तय की गई थी। अब वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं बुकिंग करने पर नंबर प्लेट 20 दिन बाद ही मिल पा रही है।

# स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में मोस्ट प्रोमिसिंग मेडिकल यूनिवर्सिटी का मिला पुरस्कार

## यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च, फैकल्टी एंड स्टाफ एवं हॉस्पिटल सुविधाओं के आधार पर चयन किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र के सबसे बड़े चिकित्सा शिक्षा समूह इंडेक्स समूह की मालवांचल यूनिवर्सिटी को देशभर की यूनिवर्सिटी के कॉन्क्लेव में सम्मानित किया। स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए मालवांचल यूनिवर्सिटी को मोस्ट प्रोमिसिंग मेडिकल यूनिवर्सिटी का पुरस्कार दिया गया।**

अहमदाबाद में आयोजित वर्ष 2024 के शिक्षा नेतृत्व पुरस्कार समारोह में मालवांचल यूनिवर्सिटी को यह सम्मान प्रदान किया है। यह सम्मान गुजरात सरकार के टेक्निकल एग्जामिनेशन बोर्ड के चेयरमैन डॉ. विनय कुमार पुरानी द्वारा दिया गया। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया। यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च, फैकल्टी एंड स्टाफ एवं हॉस्पिटल सुविधाओं के आधार पर चयन किया गया।

सम्मान यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) लोकेश्वर सिंह जोधाणा एवं निदेशक - मानव संसाधन श्री रूपेश वर्मा ने प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप एक ट्रॉफी तथा एक प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही श्री वर्मा ने एक उच्च शिक्षण संसथानो में नयी शिक्षा नीति का प्रभाव नामक परिचर्चा में भाग भी लिया।

डॉ. जोधाणा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रमाण-पत्र द्वारा सम्मान दिया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने पर मालवांचल यूनिवर्सिटी इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,मालवांचल यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति डॉ.संजीव नारंग,डायरेक्टर आर एस राणावत,डीन डॉ.जीएस पटेल,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव ने सभी कर्मचारी एवं शिक्षकों को बधाई दी।

# प्लॉट धोखाधड़ी में केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्लॉट की धोखाधड़ी के मामले में लसूडिया पुलिस ने एक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी के अनुसार फरियादी वैशाली गुप्ता की शिकायत पर जिला रेलवे लिमिटेड व डिस्ट्रिक्ट होम एंड फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय के खिलाफ व्यापारिक धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।**

पीडिता ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात संजय सिंह सिसोदिया के मार्फत करीब डेढ़ साल पहले रोहित सांगी से हुई थी। उन्होंने प्लॉट का सौदा वहां पर कर लिया था। उसे प्लॉट के बारे में आरोपी पक्ष ने बताया कि प्लॉट किसी और को आवंटित हो चुका है, अगर उन्हें प्लॉट चाहिए तो 28 लाख रुपए जमा करने होंगे। वैशाली गुप्ता ने जब उनके द्वारा लिए गए प्लाट के बारे में लीगल सर्च करवाया तो पता लगा कि वह प्लॉट कहीं बिका नहीं है बावजूद इसके आरोपी पक्ष ने उन्हें उनके प्लॉट की रजिस्ट्री कर के अब तक नहीं दी। इसी के बाद उन्होंने मामले की शिकायत की उनका कहना था कि उनसे पैसा ले लिया गया है। लेकिन उन्हें झूठ बोलकर प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की जा रही।

# पत्नी ने बनवाया फर्जी राशन कार्ड, पति फंसा

## राशन लेने गए तब हुआ खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला फर्जी राशन कार्ड के जरिए दुकान पर राशन लेने पहुंची। कार्ड पर साइन नहीं थे। ऐसे में वो पकड़ी गई। बाद में पति से पूछताछ की जा रही है। उसका दावा है कि राशन कार्ड पत्नी ने ही बनवाया था मुझे तो पता ही नहीं कि यह फर्जी है। चौंकाने वाली बात ये है कि राशन कार्ड नगर निगम के पोर्टल पर भी चढ़ा हुआ है। मामले में निगम उपायुक्त को जांच के लिए कहा है।

एमआईसी सदस्य मनीष मामा ने बताया कि वार्ड 41 के निवासी ने हमें शिकायत की थी। एमपी ऑनलाइन वाले ने फर्जी राशन कार्ड बना दिया। 10 नंबर जोन कार्यालय पर गए थे वहां के जोनल अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड पर उनकी साइन नहीं है। वार्ड प्रभारी से पूछा तो उनकी भी साइन राशन कार्ड पर नहीं थी। नगर निगम के पोर्टल पर भी फर्जी राशन कार्ड चढ़ गया। मामले में उपायुक्त वीरेंद्र उपाध्याय को बोला है कि मामले की 7 दिन में जांच कर रिपोर्ट दें और दोषियों पर कार्रवाई करें। मामले में जो भी दोषी होगा चाहे एमपी ऑनलाइन वाला हो या कोई नगर निगम का अधिकारी। उस पर कार्रवाई जरूर होगी। बता दें जिनका राशन कार्ड बना है वो परिवार खजराना क्षेत्र में रहता है।

### पति बोला- मुझे नहीं पता, पत्नी ने बनवाया

मुझे इस बारे में कुछ नहीं मालूम है। मैं गैरेज पर काम करता हूं। हम लोग किराए से रहते हैं। पत्नी ने किसे कागज दिए। कौन है जिसने राशन कार्ड बनवाकर दिया। मैं भी ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं हूं। पत्नी भी पढ़ी लिखी नहीं है। उसने दो-तीन लोगों को कागज देने की बात बताई है। एक महीने पहले कार्ड बनकर मिला था। उसके बाद हमने ध्यान नहीं दिया। न पहले न अभी कभी भी हमने कंट्रोल से राशन नहीं लिया है। करीब 10 दिन पहले एंट्री करवाने दुकान पर गया था। वहां से मुझे पर्ची बनवाने का बोला गया और जोन कार्यालय पर भेजा। फिर अधिकारी आए और बताया कि कार्ड फर्जी है। इससे ज्यादा मुझे कुछ नहीं पता। इसे बनवाने में कितने रुपए लगे ये नहीं मालूम। पत्नी से पूछा तो वो उसने कभी 1 हजार कभी 1200 रुपए देना बता रही है। रुपए किसे दिए ये भी उसे नहीं मालूम है।

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौत

**इंदौर।** मंगलवार को सडक हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई। हादसे में दो युवक भी घायल हुए है। पुलिस ने शव को एमवाय मर्चुरी भेजा है। घायल युवकों का एमवाय में उपचार चल रहा है।

# सराफा चाट चौपाटी के संचालन के लिए महापौर ने बनाई नई कमेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सराफा चाट चौपाटी के संचालन के लिए महापौर ने मंगलवार को नई कमेटी गठित कर दी है। लोक निर्माण तथा उद्यान विभाग प्रभारी राजेंद्र राठौर को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। महापौर परिषद के सदस्य अश्विनी शुक्ल, निरंजन सिंह चौहान, राकेश जैन और स्थानीय पार्षद मीता राठौर समिति में सदस्य होंगे।**

यह समिति सराफा क्षेत्र स्थित व्यापारिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के साथ भ्रमण और बैठक आयोजित कर रात्रिकालीन बाजार संबंधी संचालन की स्थिति को लेकर प्रतिवेदन तैयार करेगी। इस प्रतिवेदन के आधार पर ही सराफा चाट चौपाटी के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि रात्रिकालीन सराफा चाट चौपाटी को वर्तमान स्थान से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग लंबे समय से उठ रही है।

### हादसे की बनी रहती है आशंका

सराफा व्यापारियों का कहना है कि चाट चौपाटी में दुकान लगाने वाले दुकानदार सराफा में ही खाने-पीने की चीजें तैयार करते हैं। इससे उठने वाले धुएं से लोगों को परेशानी होती है। दुकानदारों द्वारा गैस सिलेंडर इस्तेमाल किए जाते हैं। इससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। सराफा की गलियां इतनी संकरी हैं कि हादसा होने पर दमकल मौके पर पहुंची भी नहीं सकती।

### निगमायुक्त को लिखा पत्र

सराफा चाट चौपाटी के संचालन के लिए निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने भी एक कमेटी गठित की थी। महापौर परिषद सदस्य इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि एमआइसी की जानकारी के बगैर समिति गठित की गई है। निगमायुक्त को ऐसा करने का अधिकार नहीं है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी इस संबंध में निगमायुक्त को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराते हुए उनके द्वारा गठित समिति को निरस्त कर दिया है।

# किसी भी ऑपरेशन से पहले एनेस्थीसिस्ट की राय जरूर ले

## इंदौर सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की कांफ्रेंस का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट द्वारा अपनी शाखा की पहली वार्षिक कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस में ३०० एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की शिरकत की और मरीजो की सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई ।**




इस कांफ्रेंस का विषय 'फुट स्टेप टू द फ्यूचर' रखा गया। एमजीएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय कांफ्रेंस में निश्चेतना, क्रिटिकल केयर एवं पेन मैनेजमेंट के आधुनिक तकनीकें, मरीज की सुरक्षा संबंधी भ्रांतियों के लिए जागरूकता के बारे में विचार साझा किए गए। आजकल के परिवेश में ऑपरेशन के दौरान एवं बाद में होने वाली जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए चिकित्सीय कानूनी समस्याओ के विषय पर एक चर्चा आयोजित की गयी, जिसमें श्री संजीव कुमार नाइक जी (वरिष्ठ एनैस्थिसिओलॉजिस्ट), श्री श्रवण गर्ग जी ( वरिष्ठ पत्रकार), श्री विनीत कपूर जी (पुलिस), श्रीमती पून ( शल्य चिकित्सक) एवं श्री विवेक शरण जी (वकील) शामिल थे।

आम जनता में एनेस्थीसिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने निश्चेतना विज्ञान की जानकारी के बारे में एवं शल्य क्रिया से पहले एनेस्थेसियोलॉजिस्ट द्वारा राय लेने जांच करवाने एवं प्रिस्क्रिप्शन के बारे में बताया गया। निश्चेतना विज्ञान आज के जमाने में बहुत सुरक्षित और एडवांस हो गया है। किंतु यह जरूरी है कि त्वरित इलाज एवं शीघ्र रिकवरी के लिए एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के सभी निर्देशों का पालन किया जाएं। किसी भी शल्य क्रिया की सफलता सर्जन,एनेस्थेसियोलॉजिस्ट एवं बाकी टीम के साझा प्रयास से संभव है।

कॉन्फ्रेंस में लन्दन से डॉ मयंक कुलश्रेष्ठ एवं भारत में मुंबई से डॉ जे. वी. दिवतीया (आईएसए नेशनल प्रेसिडेंट) एवं डॉ इन्द्राणी हेमंत कुमार जैसे कई विश्व विख्यात विशेषज्ञों ने अपने वक्तव्य दिए। आईएसए इंदौर समिति निरंतर सुरक्षित एनेस्थेसिया अभ्यास, स्नातक प्रशिक्षण, जन जागरण, जनता के लिए सीपीआर प्रशिक्षण की प्रगति, पी. जी. हेल्पलाइन आदि में अग्रसर है। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष डॉ. मीनू चड्डा, आयोजन सचिव डॉ. हर्षा देसाई फुलबरीकर, मुख्य सलाहकार डॉ. के. के. अरोड़ा, कोषाध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता, मीडिया एवं तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. सुबोध चतुर्वेदी, आईएसए इंदौर अध्यक्ष डॉ. साधना संवत्सरकर, मानद सचिव डॉ मयंक मसंद एवं अन्य साथियों ने किया थे।

# मप्र में निगम, मंडल, प्राधिकरणों में नियुक्तियां निरस्त

## मंत्री दर्जा प्राप्त 46 अध्यक्ष-उपाध्यक्षों को हटाया, शिवराज सरकार में मिली थी जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्ववर्ती शिवराज सरकार का एक और फैसला पलट दिया है। मंगलवार देर रात प्रदेश के 46 निगम, मंडल और प्राधिकरणों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं। इन सभी को कैबिनेट और राज्यमंत्रियों का दर्जा प्राप्त था। माना जा रहा है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद नए सिरे से इन पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।**

बीजेपी ने शिवराज सरकार के कार्यकाल में संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए संभागीय संगठन मंत्रियों को हटाकर उन्हें निगम मंडलों में नियुक्त किया था। दिसंबर 2021 में शैलेंद्र बरुआ, आशुतोष तिवारी, जितेंद्र लिटौरिया जैसे संगठन मंत्रियों को राज्य सरकार ने मंत्री का दर्जा दिया था।

साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ बीजेपी में शामिल हुए विधायकों को उपचुनाव हारने के बाद शिवराज सरकार ने इस श्रेणी में मंत्री का दर्जा दिया था। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में इनमें से कई नेताओं के टिकट भी काट दिए गए लेकिन उनका मंत्री दर्जा बरकरार था। अब प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन के बाद दर्जा प्राप्त मंत्रियों को हटाया गया है।

### अब लोकसभा चुनाव के बाद 'एडजस्ट' किए जाएंगे नेता

अगले तीन महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद भी मोहन सरकार निगम, मंडल और प्राधिकरणों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्ति करेगी। जो नेता लंबे समय से उपेक्षित चल रहे हैं, उनको भी एडजस्ट किया जा सकता है। ऐसे भी नेताओं को मौका दिया जा सकता है, जो मजबूत दावेदार होने के बाद भी विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं हासिल कर पाए थे।

# रीवा-सागर संभाग में बारिश का अलर्ट

### बंगाल की खाड़ी से MP में नमी ला रही हवाएं; रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 5वें दिन बुधवार को भी बादल छाए रहेंगे और बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने रीवा, सागर संभाग और इससे लगे ग्वालियर, भिंड-दतिया में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। इधर, दिन-रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को खंडवा-खरगोन में दिन का टेम्प्रेचर 32 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, जबलपुर, सिवनी समेत 10 शहरों में रात का तापमान 16 डिग्री से अधिक रहा।

मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी मराठवाड़ा (महाराष्ट्र) के ऊपर चक्रवाती घेरा है। एक रीवा संभाग के आसपास लोकल लेवल पर चक्रवाती घेरा है। इसकी वजह से दक्षिणी हवाएं एक्टिव हैं। वह बंगाल की खाड़ी से नमी ला रही है। इससे बुधवार को भी रीवा, सागर संभाग और इससे लगे ग्वालियर, भिंड, दतिया में बूंदाबांदी रहेगी। बादल अगले दो दिन तक रहेंगे। इसके बाद मौसम खुलने लगेगा। तब तक न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं होगी। सिस्टम गुजरने के बाद एक-दो डिग्री की ही गिरावट रहेगी।

### भोपाल में अगले दो दिन बादल रहेंगे

भोपाल में अगले 2 दिन बादल रहेंगे। इससे दिन में ठंडक रहेगी। वहीं, रात के तापमान में अभी बढ़ोतरी ही रहेगी। मंगलवार को दिनभर बादल रहे। सुबह धुंध छाई रही।

# भोपाल जेल में बंद सिमी आतंकियों की नई मांग

### अधिकारियों से बोले- हमसे भी सजायाफ्ता कैदियों की तरह काम कराओ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी भोपाल की सेंट्रल जेल में बंद प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) आतंकियों ने जेल में अब नई मांग की है। वह आम सजायाफ्ता कैदियों की तरह जेल में काम कराने की मांग कर रहे हैं। हालांकि जेल प्रशासन ने उनकी इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। जिसके बाद आतंकी अबू फैजल और कमरुद्दीन जेल स्टाफ से लगातार बदसलूकी कर रहे हैं। उन्हें जेल के अस्पताल वार्ड में रखा गया है, जहां वह खाना खाने और पानी पीने तक को तैयार नहीं है। ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उन्हें ओरएस और दवाएं दी जा रही हैं।**

भूख हड़ताल कर रहे आतंकी शिवली और कामरान की हालत स्थिर है। वह गुड़ और लिक्विड डाइट सहित ओआरएस का सेवन कर रहे हैं। बता दें कि सिमी के इन चारों आतंकियों ने बीती 8 जनवरी को भूख हड़ताल की थी। इससे पहले भी आतंकी समय-समय पर भूख हड़ताल करते रहे हैं। वह सामूहिक नमाज पढ़ने, खुले में रखने, नमाजी टोपी लगाने, घड़ी देने, न्यूज पेपर देने और लाइब्रेरी सुविधा देने की मांग कर रहे हैं।

**पांच दिन पहले कराया गया था अस्पताल में भर्ती-** 8 जनवरी को आतंकी अबू फैजल और कमरुद्दीन की जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 24 घंटे तक उन्हें अस्पताल में रखा गया। यहां उन्होंने दूध, जूस और लिक्विड डाइट ली। हालत में सुधार होने पर उन्हें शनिवार को वापस जेल ले जाया गया था। फिलहाल जेल के अस्पताल वार्ड में भर्ती हैं।

# कमलनाथ ने कांग्रेस विधायकों को दिया डिनर

## सिंघार ने कहा-जल्द जारी होगी राज्यसभा कैंडिडेट्स की लिस्ट, प्रस्तावक प्रपत्र पर दस्तखत कराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार रात कांग्रेस विधायकों को डिनर दिया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कई पार्टी विधायक शामिल हुए।**

भोपाल में श्यामला हिल्स स्थित कमलनाथ के सरकारी आवास के बाहर सिंघार ने कहा, 'कमलनाथ जी वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने कई बार डिनर पर बुलाया है। राज्यसभा कैंडिडेट्स को लेकर दिल्ली में मीटिंग चल रही है। जल्द ही नाम क्लियर हो जाएगा।' वहीं, पटवारी ने कहा कि सही समय पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। डिनर के दौरान हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर विमर्श किया है।

बता दें कि 15 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन दाखिल करने का अंतिम दिन है। ऐसे में मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कब्जे वाली एक राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा कभी भी हो सकती है। कांग्रेस ने अपने विधायकों से उम्मीदवार के प्रस्तावक प्रपत्र पर दस्तखत करा लिए हैं। पीसीसी की ओर से बीते दो दिनों से विधायकों से दस्तखत कराने की प्रक्रिया चल रही थी।



कुछ विधायकों से कमलनाथ के आवास पर भी राज्यसभा उम्मीदवार के प्रस्तावक के लिए खाली प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराए गए हैं। कांग्रेस के एक विधायक ने नाम ने छापने की शर्त पर बताया कि 6 सेट में राज्यसभा नामांकन दाखिल किया जाएगा। इसके लिए विधायकों के दस्तखत कराए गए हैं।

**विधायक बोले- पार्टी सबसे मजबूत नाम तय करेगी-** डिनर के लिए पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा- कमलनाथ जी ही बताएंगे कि राज्यसभा कौन जाएगा? सुरेश राजे बोले- राज्यसभा कौन जाएगा, यह फैसला पार्टी आलाकमान करेगा। ओबीसी नेता पर भी विचार हो रहा है।

वहीं, पूर्व मंत्री बाला बच्चन ने कहा- पार्टी सबसे मजबूत नाम तय करेगी। कमलनाथ जी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नाम हैं। वे प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं। विधायक फुंदे लाल मार्को ने कहा कि जो पार्टी नेतृत्व कहेगा, हम उसका पालन करेंगे।

विधायक रजनीश सिंह ने कहा- कमलनाथ हमारे वरिष्ठ नेता हैं और यह परंपरा रही है कि जब विधानसभा चलती है तो वे डिनर देते हैं। वे जैसा चाहेंगे, वैसा होगा। अगर वे राज्यसभा जाना चाहेंगे तो चले जाएंगे। वे जिसको चाहेंगे, वह चला जाएगा। कमलनाथ की इच्छा हमारे लिए सर्वोपरि है।

### 300 साल पुराना मंदिर, वसंत पंचमी पर स्टूडेंट्स मांगते हैं मन्नत

# ऐसा मंदिर, जहां सरस्वती मां का स्याही से अभिषेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। आज वसंत पंचमी है। देशभर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन और अनुष्ठान किए जा रहे हैं। आपको मध्यप्रदेश के ऐसे मंदिर के बारे में बताते हैं, जहां वसंत पंचमी पर मां शारदे का स्याही से अभिषेक किया जाता है। उन्हें महंगे पेन भी चढ़ाते हैं। स्टूडेंट्स यहां अच्छे भविष्य के लिए मन्नत मांगते हैं। यह मंदिर उज्जैन में चौरसिया समाज की धर्मशाला के पास बिजासन माता मंदिर के सामने छोटी सी गली में है। इन्हें नीलवर्णी देवी के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिषियों के मुताबिक इस बार गुप्त नवरात्र और ऋतु काल के परिवर्तन का चक्र विद्यमान होता है। वसंत पंचमी के दिन शुभ योग रहेगा।**

### 300 साल पुराने मंदिर में माता सरस्वती की मूर्ति

पंडित अनिल मोदी ने बताया कि मंदिर 300 साल पुराना मुगलकालीन है। मंदिर में सरस्वती माता की पाषाण की काली मूर्ति है। जीवन में सफल होने की कामना लेकर विद्यार्थी यहां स्याही और कलम चढ़ाते हैं। कई बच्चे यहां पेन और कॉपी का पूजन भी करते हैं। खास तौर पर परीक्षा के दिनों में यहां स्टूडेंट्स का तांता लगता है। स्याही-कलम के साथ विद्यार्थी पीले फूल भी चढ़ाते हैं। मान्यता है कि वसंत पंचमी पर यहां स्याही और पेन चढ़ाने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होता है।

वसंत पंचमी पर्व पर सुबह से ही बच्चों के साथ पुरुष-महिलाओं की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है। स्याही के कारण कारण मंदिर नीले रंग का हो जाता है।

### कैसे शुरू हुई परंपरा, इसका उल्लेख नहीं

मंदिर के पुजारी अजय त्रिवेदी बताते हैं कि यह परंपरा कैसे शुरू हुई, यह तो ठीक से नहीं पता। पिछले 50 साल से इस परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है। परीक्षा में पास होने के बाद भी बच्चे स्याही चढ़ाने आते हैं। खास बात है कि इस दिन के लिए दुकानदार स्याही भी मंगवा कर रखते हैं।

### देवी भागवत में भी कहा गया नीलवर्णी

मंदिर के पुजारी अजय त्रिवेदी का कहना है कि शास्त्रों में कहीं-कहीं मां सरस्वती को नीलवर्णी कहा गया है। भगवान विष्णु से आदेशित होकर नील सरस्वती भगवान ब्रह्म के साथ सृष्टि के ज्ञान कल्प को बढ़ाने का दायित्व संभाले हैं। इसका उल्लेख श्रीमद् देवी भागवत में भी मिलता है। नील सरस्वती के पूजन में नील कमल व फूलों अर्क के नीले फूलों का उपयोग इसी कारण होता है। इन फूलों के अर्क से देवी का अभिषेक किया जाता है। समय के साथ इसमें परिवर्तन आया और फूलों के अर्क का स्थान नीली स्याही ने ले लिया।

Karnataka

# कर्नाटक सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के पुराने कर्ज नहीं वसूले, कैग की रिपोर्ट में खुलासा

**बंगलूरू, (एजेंसी) कर्नाटक सरकार एक तरफ राज्य को धन आवंटन में कथित लापरवाही को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ पुराने कर्ज वसूल नहीं रही है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बताया कि राज्य सरकार ने विभिन्न संस्थाओं को दिए गए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के पुराने कर्जों की वसूली नहीं की है।**

कैग ने मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा में वित्त लेखा 2022-23 पर आई एक रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया, पुराने कर्जों में से कुछ सन् 1977 से ही लंबित पड़े हुए हैं। इनमें से कई कर्ज राज्य सरकार के ही विभागों एवं उपक्रमों से संबंधित हैं।




कैग ने कहा, 'राज्य सरकार के आठ विभागों से जुड़े 10,389.78 करोड़ रुपये के पुराने ऋणों के संबंध में मूलधन की भी वसूली पिछले कई वर्षों में नहीं हुई है। इनमें वर्ष 1977 से लंबित ऋण भी शामिल हैं।'

इस रिपोर्ट के मुताबिक, 21 कर्जदार संस्थाओं पर 15,856 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें 9,380 करोड़ रुपये का मूलधन भी शामिल है। सबसे पुराना बकाया कर्ज सन् 1977 का है, जो बंगलूरू जल आपूर्ति एवं सीवेज बोर्ड और कर्नाटक राज्य बीज निगम लिमिटेड को दिया गया था।

Uttarpradesh

## 300 साल पुराना शंख, खंडित मूर्तियां, शिलालेख...



**सहारनपुर, (एजेंसी) सहारनपुर के मंडी समिति रोड स्थित गोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक प्राचीन कुएं की खुदाई के दौरान मूर्तियां और शिलालेख निकले हैं. कुएं से करीब 300 साल पुराना एक शंख भी मिला है, जो काफी वजनी है. खास बात यह है कि यह शंख अब भी बज रहा है. फिलहाल, इन सभी को अच्छे से साफ करके रखा जा रहा है. इस कुएं को और खोदने की तैयारी है, उम्मीद है कि इसके अंदर से और भी प्राचीन मूर्तियां निकल सकती हैं.**

जैसे मंदिर के कुएं से प्राचीन मूर्तियों के निकलने की सूचना फैली वहां आसपास के लोग इकट्ठे हो गए. प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई, जिसने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से बातचीत की. अभी के लिए प्रशासन ने खुदाई बंद करवा दी है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को इस मामले से अवगत कराने हेतु उच्चअधिकारियों को सूचित कर दिया है. दरअसल, बीते दिन मंदिर की साफ-सफाई चल रही थी. इसी कड़ी में प्राचीन कुएं की भी सफाई की जा रही थी. तभी उसमें से कुछ खंडित मूर्तियां दिखाई दीं, जो काफी पुरानी लग रही थीं. ऐसे में सफाई करने वाले लोगों ने कुएं की खुदाई तो उन्हें और मूर्तियां व शिलालेख दिखाई दिए. इस दौरान करीब 300 साल पुराना एक शंख भी मिला. यह शंख काफी भारी है और अभी भी अच्छे से बज रहा है.

Uttarpradesh

## बहराइच में फूड प्वाइजनिंग से 41 लोगों की तबीयत बिगड़ी, तिलक समारोह में खाया था खाना

**बहराइच, (एजेंसी) यूपी के बहराइच में तिलक समारोह में खाना खाने के बाद 41 लोगों की तबीयत खराब हो गई. सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. बीमार होने वालों में महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं. मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएम व एसपी मेडिकल कॉलेज पहुंच और जायजा लिया. उन्होंने पीड़ितों का बेहतर इलाज के दिशा-निर्देश दिए.**

जानकारी के अनुसार, जिले के थाना राम गांव क्षेत्र के महरी बौकहा गांव में 12 फरवरी को श्याम लाल के बेटे रिंकू का तिलक समारोह था. इसमें हुजूरपुर क्षेत्र के गुदुवापुर से तिलक लेकर लोग महरी पहुंचे थे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. खाना खाने के बाद लोग घरों को चले गए. इसके दूसरे दिन अधिकांश लोगों को उल्टी व दस्त की शिकायत शुरू हो गई. देखते ही देखते 41 लोगों की हालत बिगड़ गई. इससे गांव में अफरा तफरी मच गई.

Bihar

## जेडीयू विधायक बीमा भारती को जान से मारने की धमकी, फोन पर दीं भद्दी गालियां, पटना में एफआईआर

**पटना, (एजेंसी)** जेडीयू विधायक बीमा भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। अनजान शख्स ने मंगलवार रात को उन्हें फोन पर भद्दी गालियां देते हुए मारने की धमकी दी। बीमा भारती ने पटना स्थित सचिवालय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सचिवालय थानेदार विनोद राम ने बताया कि उस नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है जिससे विधायक को फोन किया गया था। बता दें कि बीमा भारती के पति एवं बेटे को पिछले दिनों आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

बीमा भारती पूर्णिया जिले के रुपोली से विधायक हैं। विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए वह अभी पटना में हैं। उन्होंने मंगलवार रात सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बीमा भारती ने कहा कि उनके आधिकारिक नंबर पर अनजान शख्स ने फोन किया और गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बीमा भारती ने आरोप लगाए कि धमकी देने वाले शख्स ने उनसे कहा कि पति और बेटे को जेल भिजवा दिया। अब उन्हें भी मार देंगे। जब कॉल आया तब जेडीयू विधायक गोपाल मंडल भी उनके साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि धमकी देने वाले शख्स ने खुद को बीजेपी का नेता बताया है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

खेल

# यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का बड़ा निर्णय, भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता बहाल

नई दिल्ली। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता बहाल कर दी है। पिछले साल अगस्त में महासंघ की सदस्यता अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दी गई थी। इसके पीछे अध्यक्ष पद के चुनाव ना होने की वजह सामने आई थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की तरफ से इस संबंध में जारी किए गए बयान में बताया गया कि पिछले साल अगस्त में भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता निलंबित की गई थी।

UNITED WORLD WRESTLING

यूडब्ल्यूडब्ल्यू की तरफ से कहा गया, "यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने पिछले साल 23 अगस्त को भारतीय कुश्ती महासंघ को अस्थायी निलंबन के तहत रखा था क्योंकि भारतीय संस्था तय समय पर चुनाव कराने में विफल रही थी। यूडब्ल्यूडब्ल्यू अनुशासनात्मक चैंबर ने फैसला किया कि उसके पास निकाय पर अनंतिम निलंबन लगाने के लिए पर्याप्त आधार थे क्योंकि महासंघ में स्थिति कम से कम छह महीने तक बनी रही।"

### नौ फरवरी की बैठक में हुए ये निर्णय

निलंबन की समीक्षा के लिए नौ फरवरी को हुई एक बैठक में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अधिकारियों ने कुछ शर्तों के तहत निलंबन हटाने का निर्णय लिया। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारतीय कुश्ती महासंघ को अपने एथलीट आयोग के चुनाव दोबारा कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि इस आयोग के लिए उम्मीदवार सक्रिय एथलीट होंगे या चार साल से अधिक समय से सेवानिवृत्त नहीं होंगे। मतदाता विशेष रूप से एथलीट होंगे। ये चुनाव एक जुलाई 2024 के बाद किसी वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान होंगे।

इस आदेश में आगे कहा गया, डब्ल्यूएफआई को तुरंत यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखित गारंटी देनी होगी कि सभी पहलवानों को सभी डब्ल्यूएफआई आयोजनों विशेष रूप से ओलंपिक खेलों और किसी भी अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए बिना किसी भेदभाव के भाग लेने की अनुमति होगी।

सिनेमा

## सिंगर मल्लिका राजपूत की मौत, संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला शव



म्यूजिक इंडस्ट्री से चौंका देने वाली खबर आई है. सिंगर विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत को अपने सुल्तानपुर स्थित घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया. पुलिस के मुताबिक, 13 फरवरी को मल्लिका राजपूत का शव उनके घर के कमरे के पंखे से लटका पाया गया. बेटी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है. सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम में भिजवाया. मल्लिका राजपूत की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि 'हम लोग लेटे हुए थे. पता नहीं चला. पहले दरवाजा बंद की हुई थी. उसके बाद दरवाजा खोलकर चिपका दी और लाइट जल रही थी. हम तीन चक्कर लगाए दरवाजा नहीं खोले. आखिर में लौटे और खिड़की से झांके तो देखे खड़ी है. दरवाजे में हम टक्कर मारे तो देखे बिटिया हमारी लटकी थी. हम अपने पति को बुलाए लड़कों को बुलाए लेकिन जान जा चुकी थी. कोई ऐसी बात नहीं थी. हमसे ही थोड़ी बहुत बात हुई थी. वो बराबर होता रहता था.' असल में मल्लिका राजपूत की मौत कैसे हुई ये बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ होगी.35 साल की मल्लिका राजपूत, सिंगर के साथ-साथ एक्ट्रेस भी थीं. उन्होंने 2014 में आई कंगना रनौत की फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में काम किया था. इस क्राइम कॉमेडी फिल्म में मल्लिका ने सपोर्टिंग रोल निभाया था. इसके अलावा उन्हें सिंगर शान के गाने यारा तुझे के म्यूजिक वीडियो में भी देखा गया था. 2016 में मल्लिका राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी जॉइन की थी.

# संपादकीय

## बिहार की सियासत में सिद्धांत और नैतिकता की अहमियत

बिहार में सत्ता का संग्राम अब फिर अपने एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। विधानसभा में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग ने विश्वास मत हासिल कर लिया। एक सौ उनतीस विधायकों ने उसके पक्ष में मत दिया, जबकि विपक्ष ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस तरह नीतीश कुमार अब फिर से भाजपा और अन्य कुछ दलों के सहयोग से नई सरकार चलाएंगे। मगर इस बीच पिछले कुछ दिनों में सत्ता को लेकर जिस तरह की उठापटक, खींचतान और उथल-पुथल हुई, उससे यही जाहिर हुआ कि राजनीति में अब सिद्धांत और नैतिकता की अहमियत लगभग नहीं रह गई है। गौरतलब है कि पिछले महीने तक नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के साथ बने गठबंधन की सरकार चला रहे थे, मगर अचानक उन्हें लगा कि पुराने सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के साथ जाना ज्यादा बेहतर है। अब विधायकों की संख्या के समीकरण के मुताबिक भाजपा और राजग में शामिल अन्य दलों के सहयोग से उन्हें विधानसभा में नई सरकार चलाने के लिए पर्याप्त बहुमत मिल गया है। वहीं टक्कर देने की गुंजाइश के बावजूद राजद और उसके सहयोगी दलों ने विश्वासमत में हिस्सा न लेना ही बेहतर समझा। हालांकि राजद नेता तेजस्वी यादव को अंदाजा हो गया था कि उनके पास सरकार पलटने के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं है। अब वे नीतीश कुमार के बार-बार पाला बदलने और सैद्धांतिक अस्थिरता को मुद्दा बना रहे हैं, तो नीतीश विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के रुख का हवाला दे रहे हैं। सवाल है कि राजनीति की बिसात पर सत्ता के दांवपेच में उलझे नेताओं और दलों की बदलती निष्ठा के बीच वह आम जनता क्या करे, जो किसी विचारधारा, सिद्धांत, मुद्दे और नेतृत्व के प्रभाव में अपना समर्थन जाहिर करती है। पाला बदलने के लिए सभी दलों के अपने-अपने तर्क होते हैं और सभी को यही लगता है कि ईमानदारी की कसौटी पर सबसे खरे वही हैं। विडंबना है कि पार्टियां सत्ता पर काबिज होने या उसका हिस्सेदार बनने के लिए सिद्धांत और नैतिकता की व्याख्या अपनी सुविधा के मुताबिक करके उसे सही घोषित कर देती हैं, मगर आम जनता के बीच न केवल इसे लेकर भ्रम और दिशाहीनता की स्थिति पैदा होती, बल्कि कई बार वह खुद को लाचार और ठगा हुआ महसूस करती है।

**अर्ज किया है..!**

*चंद उम्मीदें निचोड़ी थीं*
*तो आहें टपकीं*
*दिल को पिघलाएँ तो*
*हो सकता है साँसें निकलें*

*- गुलज़ार*

॥-२ं-॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**आनंद की अंतिम सीमा आंसू है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

### वसंत पंचमी पर बना शुभ संयोग

# मंत्रों और श्लोकों के जाप से प्रसन्न होंगी मां सरस्वती

हिंदू धर्म में वसंत पंचमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में वसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है यानी इस तिथि पर हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है। वसंत पंचमी पर देवी सरस्वती का प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन देवी को पीला फूल और पीले रंग की मिठाई का भोग लगाया जाता है।

### वसंत पंचमी पर देवी सरस्वती को जरूर अर्पित करें ये पांच चीजें

छात्रों, कलाकारों और आमजन के लिए सरस्वती पूजा का विशेष महत्व होता है। देवी सरस्वती की पूजा करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखें और पूजा में देवी सरस्वती की 5 प्रिय वस्तुएं जरूर भेंट करनी चाहिए।

1- देवी सरस्वती को पीले और सफेद रंग के फूल पसंद है। आपको इन फूलों से देवी की पूजा करनी चाहिए।
2- मां सरस्वती को बूंदी का भोग बहुत प्रिय होता है। बूंदी पीले रंग की होती है और यह गुरु से संबंधित वस्तु भी है।
3- वसंत पंचमी के दिन पीले रंग का विशेष महत्व है इसलिए पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें
4- सरस्वती पूजा में पेन और कॉपी जरूर शामिल करें
5- देवी सरस्वती को केसर और पीला चंदन का तिल करें और खुद भी लगाएं।

### वसंत पंचमी पर बना शुभ योग

आज देशभर में वसंत पंचमी का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-पाठ और सभी पवित्र नदियों में स्नान किया जा रहा है। धार्मिक मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन ही देवी सरस्वती प्रगट हुईं थीं। पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की तब उन्हे इसमें कुछ कमी महसूस हुई। तब देवी सरस्वती हाथों में वीणा के लेकर पूरी सृष्टि में स्वर के साथ ज्ञान लेकर प्रगट हुईं। इस बार वसंत पंचमी के दिन कई तरह के शुभ राजयोग का निर्माण हुआ है। वसंत पचंमी के दिन पारिजात, अमल और शश नाम का राजयोग बना हुआ है। इसी के साथ आज सरस्वती पूजा के लिए सुबह 7



बजे से लेकर दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक का समय शुभ रहेगा।

### बसंत पंचमी पूजा मंत्र

**ओम ऐं सरस्वत्यै ऐं नमः**
**ओम ऐं सरस्वत्यै ऐं नमः**
**ओम ऐं ह्रीं क्लीं महासरस्वती देव्यै नमः**
**सरस्वती ॐ सरस्वत्यै नमः**
**पुस्तकधृत ॐ पुस्त कध्रते नमः।**
**ज्ञानमुद्रा ॐ ज्ञानमुद्रायै नमः।**
**महाविद्या ॐ महाविद्यायै नमः।**

### मां सरस्वती के हाथ में कमल क्यों है सुशोभित

शास्त्रों में देवी सरस्वती को विद्या और ज्ञान की देवी माना गया है। मां सरस्वती के स्वरूप में उनके हाथ में कमल है। कमल गतिशीलता का प्रतीक है। यह निरपेक्ष जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कमल से ये भी संदेश मिलता है कि हमारे चारों तरफ कैसा भी वातावरण क्यों न हो, उसका प्रभाव हमारे तन-मन पर नहीं आना चाहिए। शुद्ध मन में ही ईश्वर का निवास होता है।

### वसंत पंचमी एक अबूझ मुहूर्त

वसंत पंचमी को सभी शुभ कार्यों के लिए अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। विद्यारंभ,नवीन विद्या प्राप्ति और गृह-प्रवेश के लिए वसंत पंचमी को पुराणों में भी अत्यंत श्रेयकर माना गया है। इस दिन किए गए कार्य और मां का पूजन करने से बुद्धि और धन की निरंतर प्राप्ति होती है।

### विद्या की देवी मां सरस्वती का स्वरूप

सरस्वती के सभी अंग श्वेताभ हैं,जिसका तात्पर्य यह है कि सरस्वती सत्वगुणी प्रतिभा स्वरूपा हैं। इसी गुण की उपलब्धि जीवन का अभीष्ट है।

मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। विद्यार्थी जीवन में कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। वह एकदम साफ हो।

### जानिए देवी सरस्वती के अवतरण की पौराणिक कथा

सनातन धर्म में तीन देवियों की हमेशा चर्चा और पूजा होती है। देवी लक्ष्मी, देवी पार्वती और मां सरस्वती। हिंदू मान्यताओं के अनुसार हर वर्ष माघ के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर देवी सरस्वती के प्रागट्य पर्व के रूप में वसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। क्या आपको पता है देवी सरस्वती कैसे प्रगट हुई और इन्हे ज्ञान, कला और विद्या की देवी क्यों कहा जाता है?सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने जीवों खासतौर पर मनुष्य योनि की रचना की। अपनी सर्जना से वे संतुष्ट नहीं थे, उन्हें लगा कि कुछ कमी रह गई है जिसके कारण चारों ओर मौन छाया हुआ है।

भगवान विष्णु से अनुमति लेकर ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिड़का, पृथ्वी पर जलकण बिखरते ही उसमें कंपन होने लगा। इसके बाद एक चतुर्भुजी स्त्री के रूप में अद्भुत शक्ति का प्राकट्य हुआ, जिसके एक हाथ में वीणा तथा दूसरा हाथ वर मुद्रा में था। अन्य दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला थीं। ब्रह्मा जी ने देवी से वीणा बजाने का अनुरोध किया। जैसे ही देवी ने वीणा का मधुर नाद किया,संसार के समस्त जीव-जंतुओं को वाणी प्राप्त हो गई। जलधारा में कोलाहल व्याप्त हो गया व पवन चलने से सरसराहट होने लगी। तब ब्रह्माजी ने उस देवी को वाणी की देवी सरस्वती कहा। सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणा वादिनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। ये विद्या और बुद्धि की प्रदाता हैं, संगीत की उत्पत्ति करने के कारण ये संगीत की देवी कहलाती हैं।

## Highlights

1. **UP: Father kills daughter over love affair with upper caste boy**
2. **Basant Panchami: Celebrate Saraswati Puja with quotes and messages**
3. **Haryana extends mobile internet ban in 7 districts till Feb 15**
4. **Next 5-Day Weather forecast: Rainfall and dense fog alerts**
5. **Jaishankar pays tribute to Sushma Swaraj on her birth anniversary**

# Mukesh Ambani-led Reliance Industries achieves market cap of ₹20 lakh crore. How are its shares trading today?

**NEW DEIHI, (Agency).** Mukesh Ambani-led Reliance Industries Limited (RIL) became the first Indian company to achieve a market capitalisation of ₹20 lakh crore. The shares of the company had hit a 52-week high during intra-day trade at ₹2,957.80.

On Wednesday, the shares were trading in the red at 2924.55 after opening at ₹2911.40.

The market valuation of the company surged to ₹20,01,279.72 crore during the intra-day session and at close, the market capitalisation stood at ₹19,81,635.72 crore.

On the NSE, shares of Reliance Industries rose nearly 1.89 per cent to reach a record high of ₹2,958 apiece -- also its 52-week high level. Later, the blue-chip stock ended 0.74 per cent higher at ₹2,926.20 apiece.




In the past two weeks, the market value of RIL stock has gone up by nearly ₹1 lakh crore.

Reliance Industries continued to rule the chart in the ranking of top-10 most valued firms, followed by TCS, HDFC Bank, ICICI Bank, Infosys, Life Insurance Corporation of India, State Bank of India, Bharti Airtel, Hindustan Unilever and ITC.

Last month, shares of Reliance Industries were in heavy demand, climbing over 7 per cent, taking its market valuation crossing the ₹19.56 lakh crore mark.

In March 2022, the company's market valuation had gone past the ₹18 lakh crore mark.

On Tuesday, the BSE Sensex surged 482.70 points to close at 71,555.19 points, while the broader NSE Nifty gained 127.20 points to end the day at 21,743.25 points.

Reliance Industries reported a 9 per cent rise in net profit at ₹17,265 crore in the three months ended December 2023.

# Fidelity Charitable distributes record-setting $11.8 billion to nonprofits in 2023

**NEW YORK , (Agency).** Fidelity Charitable, the nation's largest grantmaker, distributed a record-setting $11.8 billion to nonprofits in 2023, up more than 5% from the previous year at a time when generally donations are dropping.

The grant total shows how quickly use of the donor-advised fund -- an investment account that allows donations to be distributed over time -- is growing. Fidelity Charitable said distributions to nonprofits in 2023 were four times what they were 10 years ago.

"I think 2023 was a pretty amazing year," Fidelity Charitable President Jacob Pruitt told The Associated Press. "When you think about the volatility, the market inflation, we still did a phenomenal job in regards to grantmaking. And that's our big measure -- dollars going into the sector."

However, the increasing popularity of DAFs has many measuring the funds' effectiveness at funneling money to charities. Though donors receive an immediate tax deduction when they put money in a DAF, there is no deadline for them to then contribute that money to a nonprofit.

Public comment on new regulations proposed by the Internal Revenue Service for DAFs will end on Thursday. If approved, the IRS will impose a 20% excise tax on donations that provide a significant benefit to the donor.

Congress is also looking into whether the IRS needs to collect more information about donations made to nonprofits engaging in political activities. Donors can use their DAFs to give anonymously since they already received their tax deduction when they deposited the money in the DAF initially.

According to Fidelity Charitable, donors attached their names or the name of their DAF to 96% of the grants made in 2023.

"We feel we have a really solid platform," Pruitt said. "We support regulations that focus on grantmaking and making sure that these dollars flow out of the platform."

# रेस्टोरेंट संचालक ने की खुदकुशी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। सात मिल इलाके में रेस्टोरेंट संचालक ने सुसाइड कर लिया। घटना मंगलवार दोपहर की है। रेस्टोरेंट संचालक ने घर में फांसी लगा ली। पत्नी को सोने का कहकर कमरे में गए थे। भाई रेस्टोरेंट जाने के लिए उन्हें उठाने पहुंचा। लेकिन दरवाजा नहीं खुला। वह फंदे पर लटके मिले। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में भेजा गया है।



खुड़ैल पुलिस के मुताबिक अजय(26) पिता अंतर सिंह चौधरी ने अपने घर में फांसी लगा ली। अंतर इलाके में ही चौधरी रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। सुबह वह रेस्टोरेंट पर थे। यहां पिता के पहुंचने के बाद अजय दोपहर में घर पहुंचे और पत्नी से कहा कि उन्हें थकान हो रही है। वह सोने जा रहे है। बाद में भाई चिंटू रेस्टोरेंट जाने के लिए उन्हें उठाने पहुंचा। देर तक दरवाजा नहीं खुला। रोशनदान से झांक कर देखा तो अजय का शव फंदे पर लटका हुआ था। बाद में दरवाजा तोडक़र नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से अजय को एमवाय भेज दिया।

परिवार के मुताबिक अजय की शादी को करीब 8 साल हो गए। जिसमें एक बड़ा बेटा ओर बेटी है। घटना के वक्त दोनों स्कूल में थे। परिवार ने बताया कि अजय कई सालों से रेस्टोरेंट का संचालक कर रहे थे। परिवार को कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पारिवारिक विवाद की भी कोई बात सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# महिला से की हरकत, पति को कर दिया घायल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। भंवरकुआं क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके मकान मालिक ने गलत हरकत की। महिला के पति ने इस बात पर आपत्ति ली तो आरोपी ने उस पर हमला कर उसे घायल भी कर दिया।**

पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम गोलू उर्फ रामनिवास मीणा निवासी पालदा है। एक युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका मकान मालिक है, उसका पति काम पर गया था तभी आरोपी उसके घर में घुस गया और गलत हरकत करने लगा। पीड़िता का पति घर लौटा तो जानकारी दी। वह इस बात पर मकान मालिक के सामने आपत्ति दर्ज करने पहुंचा तो आरोपी मकान मालिक ने लकड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया।

## नाबालिग लडक़ी से छेड़छाड़

एमआईजी इलाके में एक नाबालिग लडक़ी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। उससे दोगुनी उम्र के लडक़े ने उसे हवस का शिकार बनाने की कोशिश की है। एमआईजी पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम राहुल पिता कमलेश मातने निवासी रुस्तम का बगीचा है। 14 साल की पीड़िता ने उसके खिलाफ पास्को एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने रिंका वाली गली रुस्तम का बगीचा में उसके साथ गलत हरकत की थी, वह जैसे तैसे बचकर घर आई फिर शिकायत दर्ज करवाई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक